## राज्यपाल से मुख्य न्यायाधिपति श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन ने की मुलाकात

जयपुर, 26 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

----

## राज्यपाल की गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 26 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गणेश चतुर्थी पर्व (27 अगस्त) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य है। वह सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और मंगल करने वाले हैं। ऐसे भगवान श्री गणेश का हम वंदन, अभिनंदन करते हैं।

उन्होंने गणेश चतुर्थी उमंग और उत्साह से मनाने के साथ गणेशोत्सव पर भगवान श्री गणेश से राष्ट्र और प्रदेश की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की है।

----



